प्रेस नोट

सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने आज विद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा को देखा, तथा इस कार्यक्रम से प्रेरणा प्राप्त की छात्रों के अनुसार कार्यक्रम को देखकर परीक्षा का तनाव लगभग समाप्त हो गया है। प्रधानमंत्री जी के कहे अनुसार ही छात्रों को बोर्ड की परीक्षा में पूर्ण आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने की प्रेरणा मिली। दसवीं तथा 11वीं और 12वीं के छात्रों ने इस कार्यक्रम को पूर्ण रुचि के साथ देखा तथा आगे की अपनी रणनीति बनाने की प्रेरणा प्राप्त की। कक्षा 10 की रोजा, वंशिका तथा मानवी ने बताया कि प्रधानमंत्री जी की बातें सुनकर ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे दिमाग तनाव मुक्त हो गया है, और अब हम पूर्ण सकारात्मक आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करेंगे। कक्षा ग्यारहवीं के ऋतिक, अरीबा और मानसी भी प्रधानमंत्री जी को सुनने के पश्चात तनावमुक्त दिखाई दिए, उन्होंने कहा कि सीधे उनको सुनना जैसे सकारात्मकता को अपनाना है।